उत्तर प्रदेश सरकार

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना / विज्ञप्ति

## उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025

**( ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में )**

संख्याः–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02 / 2025 दिनांक–दिसम्बर 06 ,2025

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 18–11–2025 से आमंत्रित किये गये है।

2– उपरोक्त ऑनलाइन आवेदन पत्र हेतु बोर्ड की समसंख्यक विज्ञप्ति दिनांक 01–12–2025 के सम्बन्ध में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र के बिन्दुः 15–घोषणा के **''अतिरिक्त विवरण'** के उपबिन्दु–2 एवं 5, जिसमें Yes और No का विकल्प दिया गया है, के सम्बन्ध में दिनांक 01–12–2025 से पूर्व ऑनलाइन आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में संशोधन किये जाने का अवसर दिये जाने का अनुरोध किया गया है।

3– अभ्यर्थियों को अवगत कराना है कि प्रश्नगत एनरोलमेंट हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि के बाद ऑनलाइन आवेदन पत्र को संशोधित किये जाने का अवसर विज्ञप्ति के माध्यम से यथासमय प्रदान किया जायेगा।

4– होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट एवं आवेदन करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना / विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि अद्यतन स्थिति जानने हेतु नियमित तौर पर बोर्ड की उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

06.12

अपर सचिव (भर्ती)
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।